बोरवेल में फँसे बच्चे के रेस्क्यू ऑपरेशन पर बनेगी डॉक्यूमेंटरी फिल्म

चर्चा में क्यों?

16 जून, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि जांजगीर-चांपा ज़िले के बोरवेल में फँसे बच्चे को निकालने के लिये चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन पर डॉक्यूमेंटरी फिल्म बननी चाहिए।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने बोरवेल में फँसे बच्चे के रेस्क्यू ऑपरेशन में उल्लेखनीय भूमिका अदा करने वाले ज़िला प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ, सेना और पुलिस के जवानों सहित इस ऑपरेशन में सहयोग देने वाले लोगों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डॉक्यूमेंटरी फिल्म द्वारा रेस्क्यू टीम के अनुभव को प्रदेश और देश के लोग समझ सकेंगे। यह फिल्म भविष्य में ऐसी होने वाली घटनाओं को रोकने के लिये भी सीख बनेगी।
- कार्यक्रम में रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी टेक्निकल टीम, लाइट, टेंट, जनरेटर, वेल्डिंग मशीन, गैस कटर, मशीनरी लेबर प्रोवाइडर, बोरवेल कैमरा सेटअप संचालक, ड्रीलिंग, पोकलेन चलाने वाले, एसईसीएल की रेस्क्यू टीम और फूड प्रोवाइडर्स को भी सम्मानित किया गया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे राहुल साहू को बोरवेल से निकालने वाले बालक अजरूल और पूरी टीम को राज्योत्सव में आमंत्रित किया जाएगा और वहाँ पर सभी को सम्मानित किया जाएगा।
- गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा ज़िले के ग्राम पिहरीद के बोरवेल में फँसे बच्चे राहुल साहू को बचाने के लिये 104 घंटे तक चला यह देश का सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/documentry-on-rescue-operation-of-child-trapped-in-borewell